दिन– मंगलवार दिनांक– 01/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने सीतामढ़ी में माता सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम को अयोध्या की तरह विकसित करने के लिए आठ सौ तिरासी करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। वहीं, कैबिनेट ने मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके तहत राज्य के वरिष्ठ और आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को तीन हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन दिया जाएग। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने राज्य की पुरानी और विलुप्त हो रही कलाओं को बचाने और इसे आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री गुरू–शिष्य परंपरा योजना को शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। इसके लिए चालू वित्तीय वर्ष में एक करोड़ ग्यारह लाख रूपये खर्च किये जायेंगे। इसके अलावा कैबिनेट ने प्राकृतिक खेती योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष में छत्तीस करोड़ पैंतालीस लाख रूपये खर्च करने को मंजूरी प्रदान की। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने एक सौ चालीस करोड देशवासियों के सामूहिक संकल्प से डिजिटल भुगतान क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज डिजिटल इंडिया अभियान के दस वर्ष पूरे होने का ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि एक दशक बाद पूरा देश एक ऐसी यात्रा का साक्षी बना है जिसने असंख्य लोगों के जीवन को प्रभावित किया और सशक्तीकरण के नये दौर में प्रवेश करने में सहायक बना। श्री मोदी ने कहा कि इस पहल से स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्र भी लाभान्वित हुए हैं।

———————————————————————

रेल मंत्रालय ने यात्री रेल सेवा किरायों में आज से बदलाव किया है। गैर–एसी मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ी के किरायों में मामूली बढ़ोतरी की गई है। इनका किराया

एक पैसा प्रति किलोमीटर और एसी श्रेणी में दो पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि उपनगरीय एकल यात्रा किराए और मासिक सीजन टिकटों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट प्रभार और अन्य शुल्कों में भी कोई बदलाव नहीं होगा। इस कदम का उद्देश्य रेल किराए को युक्ति संगत बनाना और यात्री सेवाओं के लिए वित्त पोषण बढ़ाना है।

————————————————————————

भाजपा ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा वक्फ संशोधन कानून को लेकर दिये गए बयान की कड़ी आलोचना की है। पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह मामला अभी सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। ऐसे में इस कानून को लेकर दिये गए अराजक बयान एक तरह से सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना है। उन्होंने कहा कि कुछ दल तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं, उन्हें संवैधानिक मूल्यों से कोई लेना–देना नहीं है।

————————————————————————

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह पटना, अरवल, मुंगेर, भोजपुर, सीवान, सारण और समस्तीपुर समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है। सीवान में सबसे अधिक एक सौ पंद्रह दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। वहीं, कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

————————————————————————

दरभंगा जिले के मब्बी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–सत्ताईस पर वाहनों की जांच पर लगी परिवहन विभाग के वाहन को एक अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में प्रवर्तन अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

————————————————————————

पटना के दानापुर स्थित उड़ान टोला सूर्य मंदिर के पास एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।

————————————————————————

पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को ई–मेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी को देखते हुए एयरपोर्ट परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया। कहीं से कोई विस्फोटक पदार्थ बरामद नहीं हुआ है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।